छात्रों ने दी
सीबीएसई बोर्ड
10वीं की परीक्षा

कानपुर, 13 मई, 2023
दैनिक जागरण

**94** प्रतिशत रहा जिले का परिणाम

**96.16** प्रतिशत छात्राएं पास हुईं

**93.64** प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए

| नाम | स्कूल | पास प्रतिशत |
|---|---|---|
| विपाशना भट्टाचार्य | केंद्रीय विद्यालय, आइआइटी | 98.8 |
| स्निग्धा पाल | डीपीएस, कल्याणपुर | 98.6 |
| दिव्यांश गोयल | डीपीएस कल्याणपुर | 98 |
| अंबर | सर पदमपत सिंहानिया | 97.8 |
| मणिकर्णिका तिवारी | डीपीएस, आजाद नगर | 97.4 |
| वागिशा खन्ना | डीपीएस, कल्याणपुर | 97.4 |
| आरोही यादव | डीपीएस बर्रा | 97.4 |

(सीबीएसई बोर्ड ने कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की है। मेधावियों की यह सूची स्कूलों और अभिभावकों के दावे के आधार पर है।)



सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राएं ● जागरण

## चिकित्सक बनने के लिए नीट की तैयारी शुरू की

नवाबगंज निवासी व सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर कमला नगर की छात्रा अंबर ने 10वीं में 97.8 प्रतिशत अंक पाए हैं। अंबर ने बताया, स्कूल में नियमित पढ़ाए गए अध्याय का घर पर रिवीजन किया। आनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध पाठ्य सामग्री का सहारा लिया। स्वाध्याय की आदत डाली। प्रधानाचार्य भावना गुप्ता व शिक्षकों के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी की। सैंपल पेपर से प्रश्नों को हल करने का अभ्यास डाला।

**अंबर**
**97.8 प्रतिशत**





निमिशा 97% सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर



आस्था 96.8% सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर



अनमोल 95.6% सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर



वत्सला 96.6% सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर



अर्पित पांडेय 96% सर पदमपत सिंहानिया

# बेटियों ने छुआ आसमान, शीर्ष में दर्ज कराया नाम

जासं, कानपुर : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। इस साल परीक्षा में शामिल होने वाले शहर के 93 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। इनमें लड़कियों का पासिंग प्रतिशत लड़कों की तुलना में बेहतर रहा है। वहीं, बेवजह की प्रतिस्पर्धा से बच्चों को बचाने के लिए बोर्ड की ओर से इस बार कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई है। टापरों को लेकर स्कूलों और अभिभावकों के अपने-अपने दावे हैं।

स्कूलों के दावे के आधार पर डीपीएस कल्याणपुर की आरुषि सेठ 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ शहर की मेधावी सूची में पहले स्थान पर हैं। वहीं, डीपीएस आजाद नगर की स्वाति पाल 99 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तो सर पदमपत सिंहानिया की मुबाशिरा नाहिद और डीपीएस कल्याणपुर की एकांशी ओझा 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। बर्रा के पूर्ण चन्द्र विद्या निकेतन की छात्रा अनन्या निगम 98.4 प्रतिशत अंक पाकर चौथे स्थान पर रहीं। ये सभी मेधावी छात्राएं मानविकी संकाय की हैं। मेधावियों ने स्नातक की पढ़ाई करने के साथ ही सिविल सेवा, चिकित्सा, पब्लिक रिलेशन, वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में भविष्य बनाने का लक्ष्य लिया है। उन्होंने सफलता का श्रेय स्वाध्याय, एनसीईआरटी के सिलेबस से की गई पढ़ाई को दिया है।

बोर्ड परीक्षा का कोई अनुभव नहीं होना कमजोर प्रदर्शन की बनी वजहः नेशनल इंडिपेंडेंट टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व विज्ञान शिक्षक विवेक अवस्थी ने बताया कि इंटर की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के पास बोर्ड परीक्षा की अनुभव की कमी थी। कोरोना काल में सीबीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल में खूब अंक दिए थे। इससे विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी अति आत्मविश्वास में आ गए और इंटर की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक पास प्रतिशत हासिल नहीं कर सके। मानविकी और वाणिज्य वर्ग के बच्चों ने एनसीईआरटी के सिलेबस के आधार पर पढ़ाई करके शीर्ष मेधावियों की सूची में नाम दर्ज कराया।



**मुबाशिरा नाहीद**

**98.8** प्रतिशत

संकाय : मानविकी

छात्रा मुबाशिरा नाहीद मां शाजिया नाहीद के साथ ● जागरण

## हाईस्कूल के रिजल्ट ने किया था निराश, अब असली खुशी मिली

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, कमला नगर की इंटर की छात्रा मुबाशिरा नाहीद ने मानविकी संकाय से 98.8 प्रतिशत अंक पाकर शहर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। पनकी निवासी मुबाशिरा ने बताया कि कोविड काल में 10वीं में उन्हें 95.3 प्रतिशत अंक मिले थे। इससे वह निराश थीं। 99 प्रतिशत अंक हासिल करने का लक्ष्य लेकर एनसीईआरटी सिलेबस से रोजाना सात घंटे पढ़ाई की। अब परिणाम अच्छा आने से खुश हूं। मुबाशिरा के पिता मोहम्मद आसिफ आर्डनेंस फैक्ट्री में कार्यरत हैं। मां शाजिया शिक्षिका हैं। मुबाशिरा ने डीयू से स्नातक करके आइएफएस अधिकारी बनने का लक्ष्य लिया है।



**तविशी अग्रवाल**

**98.2** प्रतिशत

संकाय : कामर्स

छात्रा तविशी अग्रवाल मां पल्लवी अग्रवाल के साथ ● जागरण

## सोशल मीडिया से बनाई दूरी, वित्तीय प्रबंधन में बनाऊंगी करियर

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर इंटर की छात्रा तविशी अग्रवाल ने कामर्स में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में पांचवां स्थान हासिल किया है। ताविशी ने बताया कि कोविड में हाईस्कूल की परीक्षा नहीं दी थी तब 99.8 प्रतिशत अंक मिले थे। इंटर की पढ़ाई के दौरान इंटरनेट मीडिया से दूरी बनाई। चार से छह घंटे पढ़ाई की। पहली बार बोर्ड परीक्षा देकर उत्कृष्ट अंक मिलने से काफी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, अब एमबीए करके वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में भविष्य बनाने का लक्ष्य है। तविशी के पिता गौरव अग्रवाल बिजनेसमैन हैं। मां पल्लवी योग इंस्ट्रक्टर हैं।

### शहर के होनहार



सिद्धार्थ सिंह 98% सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन



आदित्य जैन 95% सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन

आज



## सर पदमपत सिंहानिया एजू. सेंटर का दबदबा कायम

कानपुर, 12 मई। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर का सीबीएसई के रिजल्ट में दबदबा कायम रहा है। दसवीं के रिजल्ट में अंबर ने 97.8 फीसदी अंक अर्जित कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया है। जबकि निमिषा अग्रवाल 97 फीसदी अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं आस्था चौधरी 96.8फीसदी अंकों के साथ तीसरे नंबर पर रहीं हैं। बारहवीं में कला वर्ग की मुबाशिरा नाहिद ने 98.8फीसदी अंक पाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। इसी संवर्ग में सिद्धार्थ सिंह 98 फीसदी अंकों के साथ दूसरे तथा चित्तांशी अग्रवाल 96.8फीसदी अंकों के साथ तीसरे नंबर पर रहे हैं। कामर्स ग्रुप में तविषी अग्रवाल 98.2फीसदी अंकों के साथ पहले, नाव्या अग्रवाल96.8फीसदी अंकों के साथ दूसरे तथा सुहानी कपूर 96.4फीसदी के साथ तीसरे नंबर पर रहीं है। जबकि साइंस ग्रुप में सांची अरोड़ा 97.2फीसदी के साथ पहले, कृप हाण्डा 96.2फीसदी अंकों के साथ दूसरे तथा शिव सिंह व आन्नेदिता बिश्नोई 96 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर रही हैं। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा हरि जी सिंहानियां, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, प्रधानाचार्या भावना गुप्ता आदि ने सफल मेधावियों को बधाई दी है।

राष्ट्रीय सहारा

कानपुर (एसएनबी)। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेन्टर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय की छात्रा अंबर 97.8 फीसद अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि 19 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत प्रतिशत अंक हासिल किये और 93 विद्यार्थियों ने 90 फीसद से अधिक अंक हासिल किये।

विद्यालय के चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया और डायरेक्टर पार्थो पी कर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

# सीबीएसई हाईस्कूल व इंटर में बेटियों ने मनवाया लोहा

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर।**

सीबीएसई इंटर व हाईस्कूल की परीक्षा में बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों ही परीक्षाओं में जिले की टॉपर सीट पर बेटियों ने कब्जा जमाया। इंटर में तो टॉप वन से लेकर टॉप फोर तक की रैंक भी बेटियों के कब्जे में ही रही। कानपुर में इंटर में 10113 और हाईस्कूल में 9743 बच्चे परीक्षा में बैठे थे।

विकास नगर की रहने वाले आरुषि सेठ ने 12वीं की परीक्षा में 99.2 प्रतिशत हासिल कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। इनकी मां श्रुति सेठ प्राइवेट शिक्षक हैं। आरुषि ने बताया कि वह प्रतिदिन छह घंटे पढ़ती थी। हर दिन स्कूल में जो पढ़ाया जाता था उसे घर आकर रिवाइज करती थी। वह भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाना चाहती है। इससे पहले डीयू में एडमिशन लेकर ग्रेजुएट करना है। आरुषि ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिये संघर्ष करना बहुत जरूरी है। संघर्ष जितना कठिन होगा, सफलता उतनी अच्छी मिलेगी।

इसी तरह 99 प्रतिशत अंक पाकर स्वाति ने शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कन्नौज निवासी प्रदीप कुमार पाल प्रतापगढ़ में सरकारी टीचर हैं। उनकी बेटी स्वाति डीपीएस कल्याणपुर में इंटर की छात्रा थी। स्वाति ने 99 प्रतिशत अंक पाकर शहर की टॉपर लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि को पाकर वह और परिजन बेहद खुश हैं और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। स्वाति ने कहा कि अपने परिणाम से मैं संतुष्ट हूं, जितना सोचा था उतना ही मिला। अब आगे दिल्ली यूनिवर्सिटी से

**इंटर की सिटी मेरिट में चार पायदान तक छात्राओं का कब्जा**

**हाईस्कूल परीक्षा में भी पहले व दूसरे स्थान पर आयी बेटियां**

ग्रेजुएशन करना है। इसके बाद सिविल सर्विसेज की तैयारी करूंगी। स्वाति ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने टीचर, माता-पिता और हॉस्टल की वार्डन को दिया।

सर पद्मपत सिंहानिया स्कूल की छात्रा मुबाशिरा ने 98.8 प्रतिशत अंक पाकर महानगर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उसके पिता मोहम्मद आसिफ आर्डिनेंस फैक्ट्री में कार्यरत हैं और मां साजिया प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं। मुबाशिरा ने कहा कि जितने अंक मिलने का मैंने अनुमान लगाया था, उससे ज्यादा अंक मिले हैं। रिजल्ट से पूरी तरह संतुष्ट हूं, अब दिल्ली से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करनी है। उसने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता-पिता को दिया, जिन्होंने हर समय हर कदम पर उत्साहवर्धन किया और प्रेरणा दी। उसने कहा कि रोजाना लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करती थी, जिसका नतीजा सामने है। उसने कहा कि बच्चे सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखें और सिर्फ अपनी पढ़ाई पर फोकस करें, तभी अपेक्षित सफलता मिलेगी।

सर पदमपत सिंहानिया स्कूल की ही छात्रा तविशी अग्रवाल ने 98.2 अंक हासिल कर नगर में चौथा स्थान प्राप्त किया। उसके पता गौरव अग्रवाल व्यवसायी और मां पल्लवी अग्रवाल गृहिणी हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों को दिया और कहा कि गुरुजनों की गाइड लाइन में ही मैंने पूरी पढ़ाई की है। अब एमबीए करके फाइनेंस के क्षेत्र में जाना चाहती हूं। उसने कहा कि जो भी बच्चे हाईस्कूल-इंटर या अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं वह सोशल मीडिया से जितना दूर रहेंगे उतना ही अच्छा है क्योंकि सोशल मीडिया हमेशा अपनी ओर खींचता है और डिस्टर्ब करता है। आप पढ़ाई से अगर भटकते हैं तो अपेक्षित सफलता कभी नहीं मिलेगी।

अमर उजाला
शनिवार • 13.05.2023
amarujala.com/kanpur



कमलानगर के सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में सीबीएसई की परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और स्कूल का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा है। स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि जी सिंहानिया ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। संवाद

## आईएफएस अफसर बनना चाहती हैं मुबाशिरा



98.8%

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की मुबाशिरा नाहिद ने 98.8 फीसदी अंक के साथ शहर में तीसरा स्थान पाया है। ह्यूमैनिटीज की छात्रा मुबाशिरा डीयू से स्नातक करने के बाद आईएफएस अफसर बनना चाहती हैं। पनकी निवासी मुबाशिरा के पिता मो. आसिफ ओएफसी में हैं, मां शाजिया शिक्षिका हैं।

## एमबीए करने के बाद फाइनेंस क्षेत्र में बनाएंगी कॅरिअर



98.2%

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की छात्रा ताविशी अग्रवाल ने 98.2 फीसदी अंक हासिल किए हैं। कॉमर्स विभाग की छात्रा ताविशी का शहर में पांचवां स्थान है। दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीकॉम और आईआईएम से एमबीए करने का सपना देखने वालीं ताविशी फाइनेंस के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। मॉडल टाउन निवासी ताविशी के पिता गौरव अग्रवाल बिजनेसमैन और मां पल्लवी अग्रवाल योगा इंस्ट्रक्टर हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को सैंपल पेपर जरूर लगाने चाहिए।

## आनंद लेकर करें पढ़ाई, तभी आएंगे अंक



97%

आनंद लेकर पढ़ाई करें। परीक्षा का तनाव न लें। मोबाइल भी चलाएं, टीवी भी देखें, घूमें भी। केवल पढ़ाई में एकाग्रता रखें। यह कहना है सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की छात्रा सांची अरोड़ा का। साइंस विभाग सांची ने 97.2 अंक पाकर शहर में नौवां स्थान पाया है। पत्रकारपुरम निवासी सांची के पिता जितिन अरोड़ा बिजनेसमैन और मां एकता अरोड़ा सिंहानिया स्कूल में ही शिक्षिका हैं। उन्होंने कहा कि नोट्स जरूर बनाएं, यह अंत में काफी काम आता है। वह डॉक्टर बनना चाहती हैं और अभी नीट की परीक्षा दी है।

THE TIMES OF INDIA, KANPUR
SATURDAY, MAY 13, 2023

TIMES NEWS NETWORK

**Kanpur:** The wait of students of Class X and XII ended on Friday when CBSE announced the board results. City schools claimed that they achieved cent percent result. The students were excited to know their result. However, some toppers were not fully satisfied with their marks. They believed that they could have scored more marks than what they obtained.

Mubashhira Naheed of Sir Padampat Singhania Education Centre scored 98.8 percent in the humanities stream in class XII (percent calculated based on core subjects). Swati Pal of Delhi Public School, Azad Nagar, scored 98.2 percent in Humanities stream in class XII. Ananya Nigam of Puranchandra Vidya Niketan scored 98.4 percent in Humanities stream in class XII.

Amrita Sharma of Allen House Public School scored 97 percent in Humanities stream in class XII. Yash Dubey of Pandit Deen Dayal Sanatan Dharm Vidyalaya scored 97.8 percent in science stream in class XII. Tavishi Agarwal of Sir Padampat Singhania Education Centre scored 97.2 percent in commerce stream in class XII.

The students of class X also fared well. Avika Jain of Dr Virendra Swarup Education Centre, Shyam Nagar secured 98 percent with 100 marks each in English, Maths and Science. Tanisha and Shreya of Army Public School secured 97.8 percent each.

Vibhor Srivastava of Pandit Deen Dayal Sanatan Dharm Vidyalaya scored 95.6 percent and more than 40 students of this school 90 percent and above in class X board exams.

SIR PADAMPAT SINGHANIA EDUCATION CENTRE
RESULTS : SESSION 2022-2023
EXEMPLARY SINGHANIANS'

AISSCE (CLASS XII) SCHOOL TOPPER
MUBASHHIRA NAHEED
98.8%
Humanities

AISSE (CLASS X) SCHOOL TOPPER
NIMESHA AGARWAL
98.4%

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
कानपुर, शनिवार, 13 मई 2023

## सोशल मीडिया से दूर अंबर बनना चाहती हैं डॉक्टर

सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की छात्रा अंबर ने दसवीं में बोर्ड के नए नियमानुसार 97.8 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। नवाबगंज निवासी अंबर के पिता मो. फारूख आलम औरैया में सरकारी शिक्षक हैं और मां फरजाना बानो गृहिणी हैं। अंबर के अंग्रेजी में 98, हिंदी में 95, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में 100, साइंस में 98 व सोशल स्टडीज में 98 अंक हैं। अंबर ने कहा कि वह अपने बचपन के सपने को सच करने के लिए डॉक्टर बनना चाहती हैं। इसके लिए अभी से नीट की तैयारी शुरू कर दी है। सोशल मीडिया से दूर अंबर ने कहा कि परीक्षा के पहले काफी नर्वस थी। माता-पिता की मदद से अपना नर्वस दूर करती रही।

## बागीशा खन्ना बोलीं-सोशल मीडिया से रहें दूर

सीए विशाल खन्ना की बेटी बागीशा खन्ना का कहना है कि अच्छा रिजल्ट चाहिए तो सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखना चाहिए। शाश्वत भट्ट का कहना है कि वह अपने परिणाम से संतुष्ट है। एआई और फ्रेंच में शत-प्रतिशत अंक मिले हैं। वह साइंटिस्ट बनने के लिए अभी से तैयारी कर रहा है। मणिकर्णिका तिवारी ने 97.4 और रोहित राज ने 97 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं आस्था

सिंहानिया की छात्रा आस्था ने 96.8 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। बोर्ड के नए मानक के अनुसार सफलता पाते हुए आस्था के हिंदी में 95, अंग्रेजी में 98, सोशल स्टडीज में 97, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में 99, विज्ञान में 95, गणित में 95 अंक हैं। विश्वबैंक बर्रा में रहने वाली आस्था के पिता संजीव एडवोकेट हैं और मां प्रमिता लाइब्रेरियन हैं। आस्था सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती हैं।

**10वीं में सफलता**

## माता-पिता ने दूर की घबराहट, पाई सफलता

निमिषा अग्रवाल ने 97 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। बोर्ड के नए नियमानुसार दो भाषा और तीन टॉप स्कोरिंग विषय के आधार पर यह सफलता पाई है। काकादेव निवासी निमिषा के पिता प्रशांत अग्रवाल बिजनेसमैन और मां अंजली अग्रवाल गृहिणी हैं। निमिषा के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में 100, अंग्रेजी में 99, गणित में 98, विज्ञान में 98, सोशल स्टडीज में 97 और हिन्दी में 90 अंक हैं। आर्किटेक्ट बनना चाहती है। निमिषा ने कहा कि बोर्ड परीक्षा को लेकर काफी मन में घबराहट थी लेकिन, माता-पिता के सहयोग से यह दूर हो गया।

**मेधावियों के साथ चमके स्कूल :** डीपीएस आजाद नगर, डीपीएस कल्याणपुर, सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर, मरियमपुर, दि चिंटल्स जैसे स्कूलों के साथ केंद्रीय विद्यालय आईआईटी ने भी अच्छे परिणाम दिए। शहर के आधे से ज्यादा स्कूलों में 10वीं के बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लाने में सफलता पाई। गुरुनानक मॉडर्न स्कूल, कल्याणपुर, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, एलन हाउस, केडीएमए आदि ने भी बेहतर परिणाम दिए।

### मार लिया मैदान

## आईएफएस बनना चाहती हैं मुबाशिरा

पदमपत की छात्रा मुबाशिरा नाहिद ने 12वीं (मानविकी) में 98.8 फीसदी अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। मुबाशिरा दिल्ली यूनिवर्सिटी के मेराण्डा या श्रीराम कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई करने के बाद आईएफएस बनना चाहती हैं। पनकी में रहने वाली मुबाशिरा के पिता मोहम्मद आसिफ ओएफसी में कार्यरत हैं और मां शाजिया नाहिद किड्जी स्कूल पनकी में शिक्षिका हैं।

## फाइनेंस में भविष्य संवारेंगी ताविशी

ताविशी अग्रवाल ने 12वीं में 98.2 फीसदी अंक हासिल किए हैं। ताविशी कॉमर्स विभाग की छात्रा हैं। ताविशी दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीकॉम ऑनर्स और आईआईएम से एमबीए करने का सपना पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही हैं। वह फाइनेंस के क्षेत्र में भविष्य संवारना चाहती हैं। पैसा तो सब कमाते हैं, लेकिन पैसा क्या है, इसका नेचर क्या है यह समझना चाहती हूं।

## आईएएस बनने का सजा रखा सपना

सिद्धार्थ सिंह ने 12वीं (मानविकी) में 98 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। इनके पिता आनंद सिंह फिरोजाबाद में जेलर और मां डॉ. प्रतिमा गंगवार ज्वाला देवी विद्या मंदिर कॉलेज में प्रोफेसर हैं। सिद्धार्थ ने बताया कि श्रीमदभागवत गीता से उसे सही राह मिली है। सिद्धार्थ ने कहा कि वह समाजसेवा के लिए आईएएस बनना चाहता है, जिसकी पहली सीढ़ी इस सफलता के साथ पूरी हो गई है।

## तनाव नहीं, मस्ती संग करें पढ़ाई

सिंहानिया की छात्रा सांची अरोड़ा ने 12वीं (विज्ञान) में 97.2 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। सांची ने कहा कि पढ़ाई को तनाव नहीं बल्कि मस्ती के साथ करना चाहिए। परीक्षा को हौव्वा न समझें, मोबाइल भी चलाएं, टीवी भी देखें, घूमें भी। केवल पढ़ाई के दौरान एकाग्र रहें और नियमित रूप से समय दें। सांची के पिता जितिन अरोड़ा बिजनेसमैन हैं और मां एकता अरोड़ा सिंहानिया स्कूल में ही शिक्षिका हैं।



पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में 10वीं की छात्रा अंबर ने 97.8 और निमेष अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने बताया कि 12वीं मानविकी में मुबशिरा नाहिद ने 98.8, कॉमर्स में ताविशी अग्रवाल ने 98.2 और साइंस में सांची अरोड़ा ने 97.2 प्रतिशक अंक प्राप्त किए।